— प्रेस नोट —

जनपद मीरजापुर

दिनांक 02.04.2021

थाना अदलहाट पुलिस द्वारा भारी मात्रा में लहन नष्ट कर, 105 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये—

जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलायें जा रहे अभियान के क्रम में व0उ0नि0 श्रीराम सिंह यादव मयहमराह उ0नि0 राहुल कुमार, हे0का0 वेद प्रकाश, का0 सुरेन्द्र कुमार, का0 दीपक यादव, का0 कुलदीप कुमार, म0का0 पूजा सिंह थाना क्षेत्र में गश्त/चेंकिग मे मामूर थे कि इस दौरान मुखबीर खास की सूचना पर ग्राम रूपौधा स्थित सोनू ईट भट्ठा पर छापा मार कर अवैध कच्ची देशी शराब का निमार्ण करने वाले 02 व्यक्तियों को क्रमशः रामआसरे पासी पुत्र पुरखा निवासी रामपुर कोटवां थाना बाघराय जिला प्रतापगढ़, व लग्घू भगत पुत्र होसने भगत निवासी ताम थाना कुडू जिला लोहरदगा झारखण्ड को दिनांक 01.04.2021 को समय 19.00 बजे गिरफ्तार किया तथा 01 अन्य व्यक्ति भागने में सफल हो गया। छापेमारी के दौरान पर 07 डिब्बों में रखे 105 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब तथा शराब बनाने के उपकरण पतीला छोटा/बडा- 05 अदद, छतनी/टिन कनस्तर-05 अदद बरामद किया गया एवं 15 कुंतल लहन व 02 भट्टी को नष्ट किया गया। इस सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी विवरण-

105 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब मय शराब बनाने का उपकरण।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1- रामआसरे पासी पुत्र पुरखा निवासी रामपुर कोटवां थाना बाघराय जिला प्रतापगढ़।

2-लग्घू भगत पुत्र होसने भगत निवासी ताम थाना कुडू जिला लोहरदगा झारखण्ड।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

सोनू ईट भट्ठा ग्राम रूपौधा थाना अदलहाट दिनांक- 01.04.2021 समय 19.00

गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- व0उ0नि0 श्रीराम सिंह यादव थाना अदलहाट

2- उ0नि0 उमेश यादव थाना अदलहाट

3- हे0का0 रामफेर यादव थाना अदलहाट

4- का0 सुरेन्द्र कुमार थाना अदलहाट

5- का0 दीपक यादव थाना अदलहाट

6- का0 कुलदीप यादव थाना अदलहाट

7- म0का0 पूजा सिंह थाना अदलहाट